हि०प्र० भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड, खलीनी, शिमला

**बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों (कामगारों ) ( जिन्होंने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन भवन एवं अन्य निर्माण कार्य किया हो) को बोर्ड द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का विवरण।**

| क्रं | योजना का नाम | पात्रता | देय राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | शादी हेतु वित्तीय सहायता | दो माह की सदस्यता | पंजीकृत अविवाहित लाभार्थी के स्वयं के विवाह हेतु मु0 35,000/–(पैंतीस हजार) रुपये तथा विवाहित लाभार्थी के दो बच्चों के विवाह हेतु मु035,000/–(पैंतीस हजार) रुपये प्रत्येक बच्चा सहायता देय है। |
| 2. | मातृत्व/पितृत्व प्रसुविधा | दो माह की सदस्यता | 1. पंजीकृत महिला लाभार्थी को प्रसव अवधि के समय अथवा बच्चे के जन्म पर मुबलिग 25,000/– (पच्चीस हजार) रुपये राशि देय होगी।<br>2. पंजीकृत महिला को दो प्रसवों तक, समय–समय पर प्रचलित न्यूनतम मजदूरी की दर से 90 दिन से 26 सप्ताह तक के लिए मातृत्व अवकाश ।<br>3. पंजीकृत कर्मकार की पत्नी को दो प्रसवों तक छः हजार रुपये प्रति प्रसव की रकम । |
| 3. | शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता | दो माह की सदस्यता | पंजीकृत सदस्यों के दो बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रति वर्ष निम्न दर से सहायता प्रदान करेगाः– |

| क्र. | पाठ्यक्रम | राशि बालिका | राशि बालक |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम कक्षा से आठवीं स्तर तक | 7,000.00 | 3,000.00 |
| 2. | नौवीं से 10+2 स्तर तक | 10,000.00 | 6,000.00 |
| 3. | स्नातक कक्षाएंः<br>(1) कला स्नातक<br>(2) बी.एस.सी./बी.कॉम/बी.बी.ए. या इसके बराबर | 15,000.00 | 10,000.00 |
| 4. | स्नातकोत्तरः<br>(1) कला एवं वाणिजय संकाय<br>(2) विज्ञान संकाय | 20,000.00 | 15,000.00 |
| 5. | डिप्लोमा पाठ्यक्रम अवधि :<br>एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष | 20,000.00 | 15,000.00 |
| 6. | व्यवसायिक पाठ्यक्रम जैसे मैडिकल/इंजीनियरिंग इत्यादि।<br>पी.एच.डी./अनुसंधान पाठ्यक्रम | 35,000.00 | 25,000.00 |

| क्रं | योजना का नाम | पात्रता | देय राशि |
|---|---|---|---|
| 4. | चिकित्सा सहायता | सदस्यता | पंजीकृत लाभार्थी और उसके आश्रितों को चिकित्सा उपचार हेतु सरकारी अस्पताल/सरकार द्वारा अनुमोदित/चयनित अस्पतालों/औषधालयों से चिकित्सा बिल प्रस्तुत करने पर प्रतिवर्ष बाह्य (Outdoor) चिकित्सा उपचार के लिए मु0 50,000/–रू. (पच्चास हजार) और अंतरंग (Indoor) चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए मु01,00,000/–रू. (एक लाख) की सहायता राशि बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी।<br>इसके अतिरिक्त गंभीर बीमारी के लिए मु0 5,00,000/–(पांच लाख रूपए) की सहायता राशि बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी। |
| 5. | पैंशन सुविधा | बोर्ड में पंजीकृत लाभार्थी 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने से पूर्व तीन वर्षो में लगातार लाभार्थी रहा हो। | पंजीकृत लाभार्थी 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पैंशन का हकदार होगा जो न्यूनतम राशी 1000/– (एक हजार रूपये) केवल प्रतिमाह देय रहेगी। |
| 6. | अन्तिम संस्कार हेतु सहायता | सदस्यता | नाम निर्देशितों/आश्रितों को मु0 20,000/– (बीस हजार) रुपये की राशि देय होगी। |
| 7. | मृत्यु सहायता | सदस्यता | यदि पंजीकृत सदस्य की मृत्यु कार्य के दौरान दुर्घटना से होती है तो नाम निर्देशितों/आश्रितों को मु0 4,00,000/– (चार लाख) रुपये की राशि दी जाएगी एवं प्राकृतिक मत्यु पर मु0 2,00,000/– (दो लाख) रूपये की राशि दी जाएगी। |
| 8. | महिला साईकिल | दो माह की सदस्यता | पंजीकृत महिला को बोर्ड द्वारा एक साइकिल प्रदान की जाएगी। |
| 9. | कंबल, हॉटकेस टीफिन, स्टील का डिनरसैट तथा ऑफ लाईन वाटर फिल्टर | दो माह की सदस्यता | पंजीकृत लाभार्थी को बोर्ड द्वारा कंबल, हॉटकेस टीफिन, स्टील का डिनरसैट तथा ऑफ लाईन वाटर फिल्टर प्रदान किया जायेगा। |
| 10. | इंडक्शन हीटर या सोलर कुकर | दो माह की सदस्यता | पंजीकृत लाभार्थी को बोर्ड द्वारा एक इंडक्शन हीटर या एक सोलर कुकर प्रदान किया जायेगा। |
| 11. | सोलर लैम्प | दो माह की सदस्यता | पंजीकृत लाभार्थी को बोर्ड द्वारा एक सोलर लैम्प प्रदान किया जायेगा। |
| 12 | **उपरोक्त कल्याणकारी योजनाओं के अलावा बोर्ड विकलांगता पेंशन और श्रमिक ट्रांजिट छात्रावास सुविधा भी प्रदान कर रहा है।** | | |

अधिक जानकारी हेतु संबंधित श्रम अधिकारी या बोर्ड के निम्न दूरभाष संख्याः– **0177–2629807, 2620256ए 2620210 और 2625084 से सम्पर्क कर सकते हैं।**

समस्त श्रम अधिकारी एवं श्रम निरीक्षक हमीरपुर पंजीकरण हेतु प्राधिकृत है।